प्रेसविज्ञप्ति
चित्तरंजनरेलइंजनकारखाना

## चिरेका के तीन कर्मचारियों को जून 2024 माह के लिए मिला"मैन ऑफ़ द मंथ" का अवार्ड

चित्तरंजन,16.07.2024; चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में सेवारत 1) श्री पलास पारुई तकनीशियन-। / ट्रैक्शन मोटर्स शॉप-23 (इलेक्ट्रिकल विभाग) (2) श्री बीर चंद्र सिंह, तकनीशियन-। / इलेक्ट्रिक लोको असेंबली शॉप-16, (इलेक्ट्रिकल विभाग) और (3) श्री असित कुमार दास, वरिष्ठ तकनीशियन / व्हील शॉप-09 (मैकेनिकल विभाग)) को आज 16.07.2024 को माह जून 2024 के लिए "मैन ऑफ द मंथ" अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनके असाधारण प्रदर्शन, समर्पण और ईमानदार योगदान के लिए दिया गया है। महाप्रबंधक श्री हितेंद्र मल्होत्रा के कर कमलों द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने सभी पुरस्कार ग्रहण करने वाले कर्मचारियों को बधाई दी।

श्री पारुई ने स्टेटर के टर्मिनल बॉक्स को सील करने के लिए वर्टिकल फिलिंग व्यवस्था लागू करके एक सराहनीय काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप (सिलिकॉन रबर कम्पाउंड 622A और 622B) सामग्री की खपत में 30% की कमी आई और टर्मिनल बॉक्स को एक सुंदर आकार दिया ।

श्री सिंह ने लोको में ड्राइवर सीट फिटिंग के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने डमी ड्राइवर सीट का इस्तेमाल कर लोको ट्रायल रन जारी रखने में योगदान दिया ।

श्री दास ने व्हील डिस्क के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह सभी सीएनसी वीटीएल मशीन (CNC VTL Machine) की प्रोग्रामिंग में संशोधन करने में सक्षम हैं। सीएनसी प्रोग्रामिंग में उनके ज्ञान ने व्हील डिस्क की बोर मशीनिंग की गुणवत्ता में सुधार किया। उन्होंने व्हील डिस्क में बोर के आंतरिक और बाहरी हब कोने में चैम्फरिंग के स्थान पर रेडियसिंग विकसित की। उन्होंने व्हील डिस्क से संबंधित सुरक्षा और गुणवत्ता पहलू के साथ उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों को प्रबंधित किया।

सेवामें,

समाचारसंपादक

------------------------

जनसंपर्क विभाग चिरेका/चित्तरंजन द्वारा जारी,